देशहित में बूथ तक जाएं और वोट करें

गोसाईंगंज शत-प्रतिशत मतदान करने और नारी गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाते प्रो. भरत राज सिंह।

अमर उजाला ब्यूरो

गोसाईंगंज। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें संस्थान में मैकेनिकल डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं ने नारी सशक्तीकरण और मतदाता जागरूकता पर विचार लिखे। प्रतिभागियों ने नारी को देवी का रूप बताया। वहीं देश के लिए बूथ तक जाकर लोगों से वोट करने की अपील की। संस्थान के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने प्रतिभागियों को शत-प्रतिशत मतदान करने और नारी गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

ये रहे विजेता : शिवांश शुक्ल (प्रथम) शैलेश सिंह व शाश्वत शुक्ल (द्वितीय) और अनिशेष व अश्वनी (तृतीय)।

इनकी रही मौजूदगी : डॉ. अमरदीप सिंह, डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. जगदीश सिंह, डॉ. प्रशांत गंगवार, केजी सिन्हा, विनोद सिंह, टीपी सिंह, राहुल मिश्र, अधीर टंडन, अरुण सिंह और कौशल।